

## सुपरफास्ट खबरें

### पुलिस ने लिया सुरक्षा प्रबंधों का जायजा

**(संवाददाता)** हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली व कनखल पुलिस ने क्षेत्र में अभियान चलाकर एटीएम के सुरक्षा प्रबंधों तथा ज्वैलर्स की दुकानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे चौक कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी सेंथिल अबुदई कृष्णराज एस ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में एटीएम, सीसीटीवी तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच करने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के अनुपालन में रानीपुर कोतवाली व थाना कनखल पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया।

### राशन कार्डों का शतप्रतिशत वैलीडेशन प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें

**(संवाददाता)** नैनीताल। राशन कार्डों का शतप्रतिशत वैलीडेशन प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी सविन बंसल ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए जिला कार्यालय सभागार में दिए। श्री बंसल ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद वासियों को खाद्य आपूर्ति से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि कोई समस्या है तो उसका तत्काल संज्ञान लेते हुए समाधान करना सुनिश्चित करें व शासन स्तर की समस्या होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों से पत्राचार करते हुए दूरभाष पर भी वार्ता करनी सुनिश्चित करें।

### पर्यटन सीजन को बेहतर बनाये जाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर अभी से कवायद शुरू

**(संवाददाता)** नैनीताल। पर्यटक नगरी मे शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन को बेहतर बनाये जाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर अभी से कवायद शुरू कर दी गई है। पर्यटन सीजन की तैयारियों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मीणा तथा प्रबन्ध निदेशक रोहित मीणा के अलावा पर्यटन कारोबारी मौजूद थे। बैठक को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी बंसल ने कहा कि पर्यटकों का आगमन ग्रीष्मकाल के अलावा शरदकाल मे भी होने लगा है ऐसे मे पर्यटकों को बेहतर सुविधायें दिया जाना निहायत जरूरी है।

## सीएम ने दून अस्पताल में भर्ती आपदा पीड़ितों का हाल–चाल जाना

# सरकार आपदा प्रभावितों को हर संभव मदद के लिए संकल्पित

देहरादून। **संवाददाता**



दून अस्पताल में भर्ती आपदा पीड़ितों का हाल–चाल जानते सीएम।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को दून अस्पताल में भर्ती आराकोट, त्यूनी, मोरी एवं उनके आस–पास के गांवों के आपदा पीड़ितों का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने दून अस्पताल के चिकित्सकों को सख्त हिदायत दी कि आपदा पीड़ितों के बेहतर ईलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इस सबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती आपदा पीड़ितों के साथ ही अन्य बीमार व्यक्तियों का भी हालचाल भी जाना। उन्होंने अस्पताल के चिकित्साधीक्षक को यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी चिकित्सक मानवीयता के साथ अस्पताल में भर्ती व्यक्तियों का उपचार करें तथा अस्पताल में उपचार हेतु आने वाले सभी लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाय। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों से अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों से आवश्यक दवाईयों एवं खानपान की उपलब्धता की जानकारी भी ली। मरीजों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उन्हें दवाईयों एवं खाने की व्यवस्था अस्पताल प्रशासन द्वारा की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा आपदा प्रभावितों का निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है। इसके लिए आवश्यक धनराशि की भी व्यवस्था की गई है। दून अस्पताल परिसर में मीडिया से अनौपचारिक वार्ता करते हुए भी मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावितों को हर संभव मदद के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि आपदा में अनाथ हुए अस्पताल में भर्ती दो बच्चों की आवश्यक देखभाल की व्यवस्था सरकार द्वारा की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा आपदा से जुड़े विभागों एवं आपदा प्रबंधन तंत्र को सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा है। राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन संचालन केन्द्र को और अधिक सक्रिय रहने के निर्देश दिये गये हैं। इस केन्द्र में सचिव आपदा के साथ ही अन्य उच्चाधिकारी निरंतर स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं।

### मेयर अनिता शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने दिया नगर निगम में धरना

**(संवाददाता)** हरिद्वार। नगर निगम मेयर अनिता शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों की उदासीनता भरे रवैये को लेकर निगम परिसर में धरना दिया। धरने में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ साथ पार्षद भी शामिल हुए। धरने का संबोधित करते हुए मेयर अनिता शर्मा ने नगर अधिकारियों पर भेदभाव पूर्ण नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी सत्ता के दबाव में काम कर हैं। नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में कोई सहयोग भी अधिकारी नहीं कर रहे हैं। अधिकारियों के रवैये के चलते समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। पूरे शहर में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। अधिकारियों के सहयोग नहीं करने के कारण सफाई जैसी मूलभूत सुविधा भी लोगों को उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

## बर्त्वाल की कर्म भूमि पंवालिया का शीघ्र होगा जीर्णोद्धारः डीएम

■स्कूली छात्रों ने कवि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल की कविताओं का किया गायन

रुद्रप्रयाग। **संवाददाता**

हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल जन्म शताब्दी समरोह उनके पैतृक गांव मालकोटी में धूमधाम से मनाया गया। कलश साहित्यिक संस्था व चन्द्र कुंवर बर्त्वाल न्यास की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रकृति के चितेरे कवि की स्मृतियों को याद किया गया। इस अवसर पर कलश साहित्यिक संस्था ने कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया।

चन्द्र कुंवर बर्त्वाल की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव मालकोटी में भव्य कार्यक्रम किया गया। चन्द्र कुंवर बत्तर्वाल शोध संस्थान देहरादून के डॉ योगम्बर बर्त्वाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में जिलधिकारी मंगेश घिल्डियाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने चन्द्र कुंवर बर्त्वाल की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों ने बर्त्वाल की कविताओं का गायन किया। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन में बढ़–चढ़कर भाग लिया। उपस्थित जन समुदाय को संम्बोधित करते हुए डीएम मंगेश घिल्डियाल ने कहा कि चन्द्र कुंवर बर्त्वाल को अभी भी वो ख्याति नहीं मिल पायी है, जिसके वे हकदार थे। इसके लिए शासन–प्रशासन के साथ ही साहित्य जगत से जुड़े लोगों को ओर प्रयास करने होंगें। उन्होंने कहा कि चंद्रकुंवर बर्त्वाल की कर्म भूमि पंवालिया का शीघ्र जीर्णोद्धार करने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में कलश साहित्यिक संस्था की ओर से कवि सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें कवियों ने अपने कविता पाठ से उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रख्यात कवि उपासना सेमवाल, जगदम्बा, मुरली, कविता भट्ट, शैलेन्द्र बर्त्वाल, अश्विनी गौड़, कलश सस्था के संस्थापक ओम प्रकाश सेमवाल ने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।




विद्यार्थियों को लेखन सामग्री वितरित करते हुए।

### 100 गरीब छात्रों को निःशुल्क कॉपिया व लेखन सामग्री वितरित की

अल्मोड़ा। **संवाददाता**

महिला कल्याण संस्था अल्मोड़ा के तत्वावधान में अल्मोड़ा इण्टर कालेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के सहयोग से 100 (गरीब) छात्र–छात्राओं को निःशुल्क कॉपिया व लेखन सामग्री वितरित की गयी। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्र–छात्राओं को डिक्शनरी व स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया और उन्हें भविष्य में अधिक मेहनत करने के लिये प्रेरित किया गया।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि महिला कल्याण संस्था द्वारा निर्धन बच्चों को लेखन सामग्री व पुस्तकें वितरित करना एक सराहनीय पहल है।

# तहसीलदार दाखिल–खारिज करने के एवज में ले रहा था रिश्वत

## दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार

उत्तरकाशी। **संवाददाता**

खरीदे गए भूखंड का दाखिल–खारिज करने के एवज में दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए उत्तरकाशी जिले की चिन्यालीसौड़ तहसील के तहसीलदार चंदन सिंह राणा को विजिलेंस टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। आरोपित तहसीलदार के खिलाफ देहरादून विजिलेंस कार्यालय में ही रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस घटना के बाद से तहसील में हड़कंप मचा हुआ है।

विजिलेंस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) के कैंथोली निवासी नारायण सिंह पंवार ने शिकायत की थी कि उन्होंने ओमप्रकाश पुत्र चतर लाल, निवासी टिहरी गढ़वाल से 1.85 लाख रुपये में एक आवासीय भूखंड खरीदा। इस पर निर्धारित स्टाम्प शुल्क भी अदा किया गया। भूखंड को राजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज कराने (दाखिल–खारिज) के लिए उन्होंने चिन्यालीसौड़ तहसील में आवेदन किया। लेकिन, तहसील से दाखिल–खारिज पत्रावली को अपूर्ण बताते हुए आवेदन निरस्त कर दिया गया।

शिकायतकर्ता नारायण सिंह पंवार की ओर से दोबारा शपथ पत्र दाखिल कर पत्रावली को बहाल किया गया। साथ ही वह तहसीलदार चंदन सिंह राणा से भी दाखिल–खारिज के संबंध में मिले। शिकायतकर्ता के अनुसार तहसीलदार ने इस पर 13 हजार रुपये खर्च आने की बात कही। लेकिन, शिकायतकर्ता के यह कहने पर कि उसकी स्थिति इतने पैसे देने की नहीं है, तहसीलदार ने दोटूक कहा कि दस हजार रुपये देने के बाद ही काम हो पाएगा। इसके लिए तहसीलदार ने उन्हें 21 अगस्त को अपने कार्यालय में बुलाया।

शिकायतकर्ता ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि वह किसी भी हाल में रिश्वत नहीं देना चाहता, बल्कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को पकड़वाना चाहता है। इसके बाद डीआइजी विजिलेंस कृष्ण कुमार वीके ने शिकायत की जांच करवाई और सही पाए जाने पर एक ट्रैप टीम का गठन किया।

बुधवार को यह टीम चिन्यालीसौड़ पहुंची, जहां मुखवा (उत्तरकाशी) निवासी तहसीलदार राणा को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया गया।

उधर, आरोपित को रंगे हाथ गिरफ्तार करने वाली टीम के उत्साहवर्द्धन के लिए डीआइजी विजिलेंस ने पारितोषिक देने की घोषणा की है।



तहसीलदार को गिरफ्तार करके ले जाती विजिलेंस की टीम।